एक नजर

अंग्रेजों के जमाने के जेलर 23 को अजमेर में

अजमेर. कासं। हम अंग्रेजों के जमाने के जेलर हैं, शोले फिल्म का यह डायलॉग इतना फेमस हुआ कि फिल्म अभिनेता असरानी के लिए यह डायलॉग पहचान बन गया। असरानी 23 नवम्बर को अजमेर आ रहे हैं। उनके साथ लाफ्टर फेम सीमा मोटवानी यानि जुनियर हेमामालिनी भी अजमेर आ रही हैं। दोनों 23 नवम्बर की शाम आजाद पार्क में आयोजित होने वाले सिंधियत जो मेले में शिरकत करेंगे और अपने शो से मेलार्थियों का मनोरंजन करेंगे।

आठ मोबाइल सहित हजारों की नकदी चोरी

अजमेर. कासं। गंज थाना इलाके में पास के दो मकानों में गत रात अज्ञात चोरों ने आठ मोबाइल सहित हजारों रूपए की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरों की तलाश शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह घटना संभवतः तड़के तीन से चार बजे के बीच होना बताया जाता है। न्यू गीता कालोनी में नृसिंहपुरा निवासी आकाश ने बताया कि सुबह पांच बजे उसकी पत्नी तथा वे उठे थे। उस समय जब उसने अपने सिरहाने चार्ज पर रखे मोबाइल का तलाश किया तो गायब था। इसी तरह जब अपनी मां व भाई से भी पूछा तो पता लगा कि सभी के फोन गायब थे जिन्होंने पास के कमरे पर ताक पर रखे हुए थे। आकाश का कहना था कि उसने अलमारी खुली देखी तो वहां भी तलाशी लेने पर पता लगा कि चोर अलमारी से नौ हजार रूपए और उसकी पेन्ट की जेब में रखे पांच हजार रूपए भी ले गए।

धर्मेन्द्र गहलोत बारां भाजपा के संगठनात्मक चुनाव के प्रभारी नियुक्त

अजमेर. कासं। अजमेर नगर निगम के पूर्व महापौर एवं भाजपा स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक धर्मेन्द्र गहलोत को पार्टी हाई कमान ने बारां जिले के भाजपा संठनात्मक चुनाव के लिए प्रभारी नियुक्त किया है। इस संबंध में प्रदेश संगठन के चुनाव अधिकारी एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण लाल पंचारिया ने निर्देश जारी कर धर्मेन्द्र गहलोत को उनकी नियुक्ति से अवगत कराया है। गहलोत बूथ स्तर, मंडल स्तर व जिला स्तर पर होने वाले पार्टी संगठन के चुनाव में प्रभारी की भूमिका निभाएंगे। यह चुनाव प्रक्रिया से दो से तीन माह में पूरी होने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले गहलोत कोटा संभाग सह प्रभारी के रूप में अपना महत्त्वपूर्ण व विश्सनीय दायित्त्व निभा चुके हैं।

पुष्कर मेले से रोडवेज को रिकार्ड आय

अजमेर. कासं। इस साल एकादशी से पूर्णिमा तक भरने वाले पुष्कर मेले मे रोडवेज को रिकार्ड राजस्व प्राप्त हुआ है जो पिछले तीन सालों में सर्वाधिक है। इस बार रोडवेज स्टैन्ड के बाहर से यात्रियों को पुष्कर ले जाने वाले नीजि वाहनों पर अंकुश लगाने के कारण भी रोडवेज ने यह मुनाफा अर्जित किया है। रोडवेज के सूत्रों ने बताया कि कार्तिक एकादशी से पूर्णिमा तक अजमेर व अजयमेरू डिपो की बसों से 17 हजार यात्रियों ने अपना सफर तय किया है। जिसके फलस्वरूप रोडवेज को कुल 18 लाख रूपए से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। यह राजस्व पिछले तीन सालो में सवाधिक है।

विधानसभा अध्यक्ष पहुंचे जापान, टोक्यो में दिन की शुरूआत मंदिर दर्शन से

भविष्य की चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए स्वयं को तैयार करना होगाः देवनानी

सम्मान में टोक्यो में हुआ स्नेह मिलन

जयपुर. कंचन केसरी

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को जापान पहुंचे। देवनानी ने जापान के टोक्यो में दिन की शुरूआत मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना करके की। इस्कॉन मंदिर में आयोजित प्रातः कालीन भजन कार्यक्रम हरे रामा हरे कृष्णा में देवनानी शामिल हुए। देवनानी ने मंदिर में मौजूद प्रवासी भारतीयों से सनातन परंपरा पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा आवश्यक है। साथ ही संस्कारवान होना भी जरूरी है ताकि हम बेहतर इंसान बन सके और दुनियाभर में इंसानियत के व्यवहार का प्रसार कर सके।देवनानी के सम्मान में टोक्यो में हिंदू स्वयं सेवक संघ ने स्नेह मिलन का आयोजन किया।देवनानी ने युवाओं का आव्हान किया कि भविष्य की चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए स्वयं को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को विश्व बंधुत्व की भावनाओं के अनुरूप मानवता, सहिष्णुता, धैर्य जैसे गुणों का जीवन में समावेश करना होगा। देवनानी ने कहा की विश्व बंधुत्व आवश्यक है। समग्र चेतना का जागरण आज की आवश्यकता है। भारतीय संस्कृति को कोई समाप्त नहीं कर सकता है। युवाओं को भारतीय संस्कृति और संस्कारों से जुड़े रहने के लिए सतत प्रयास करने होंगे। हमारे आदर्श, हमारे महापुरुष और हमारी महान संस्कृति हमें सुदृढ़ बनाती है। मानवीय मूल्यों के आचरण से व्यक्ति का कद ऊंचा होता है। देवनानी ऑस्ट्रेलिया में आयोजित राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67 वें सम्मेलन में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रहें हैं। देवनानी ऑस्ट्रेलिया में सम्मेलन में भाग लेने के बाद राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के पोस्ट कॉन्फ्रेस स्टडी ट्यूर के तहत इण्डोनेशिया, सिंगापुर के बाद जापान की यात्रा पर है। इस अध्ययन यात्रा के दौरान देवनानी इन देशों में भारत के राजदूतों से मुलाकात करने के साथ विधायी निकायों का अवलोकन भी कर रहे हैं। संसदीय प्रतिनिधियों से लोकतांत्रिक मूल्यों के सुदृढीकरण से संबंधित विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श कर रहे हैं ।देवनानी राष्ट्रमंडल संसदीय संघ की भारत क्षेत्र की कार्यकारी समिति के सदस्य भी है। देवनानी विभिन्न देशों के विधान मण्डलों के प्रतिनिधि मण्डलों को राजस्थान विधान सभा में किये गए नवाचारों की जानकारी दे रहे हैं। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष देवनानी इस विदेश यात्रा के दौरान ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर और जापान में रहने वाले प्रवासी राजस्थानियों, शिक्षाविदों, विभिन्न सामाजिक संगठनों और सिंधी समाज के प्रबुद्धजन से भी मुलाकात कर रहे हैं।

---

52 पदों के लिए संस्कृत स्कूल लेक्चरार परीक्षा शुरू

आयोग ने शहर में 48 सेन्टर बनाए, सुरक्षा कड़ी

अजमेर. कंचन केसरी

राजस्थान लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित संस्कृत लेक्चरार स्कूल परीक्षा रविवार से शहर के 45 परीक्षा केन्द्रों पर शुरू हो गई जो 21 नवम्बर तक चलेगी।

दो पारियों में होने वाली परीक्षा के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई है। परीक्षार्थियों को एक घंटे पहले सेन्टर पर पहुचने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्थान में संस्कृत लेक्चरार के 52 पदों के लिए रविवार से शहर के 48 सेन्टरों पर पहले दिन जनरल नॉलेज की परीक्षा आयोजित की गई। यह परीक्षा दो पारियों में आयोजित की गई है जो 21 नवम्बर तक चलेगी। आयोग के सूत्रों ने बताया कि परीक्षा के लिए एक लाख 12 हजार 968 अभ्यार्थियों ने आवेदन किया था जबकि अजमेर सेन्टर पर 14 हजार 328 आवेदक परीक्षा में शामिल हुए। इस तरह पूरे राजस्थान में अजमेर सहित जयपुर, कोटा, उदयपुर, में 313 परीक्षा केन्द्र बनाए गए है।परीक्षा के पहले दिन करीब तीस प्रतिशत अभ्यार्थी ही परीक्षा में शामिल हुए।इस प्रतियोगी परीक्षा में एच्छिक विषयों की परीक्षा 18 नवम्बर सोमवार से 21 नवम्बर गुरूवार तक आयोजित की जाएगी।परीक्षा के सफल आयोजन के लिए आयोग ने कंट्रोल रूम स्थापित किए हैं।

पश्चिम रेलवे - भावनगर मण्डल

विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य

ई-निविदा संख्याः 143-2024-25 से 147-2024-25

क्रम सं.	ई-निविदा सं.	कार्य का नाम	निविदा मूल्य (₹)	ईएमडी (₹)
01	143/2024-25	सहायक अभियंता धोला उप मण्डल : ढसा-महुवा अनुभाग पर ठेकेदार की स्वयं की सभी व्यवस्थाओं सहित दो वर्ष की समयावधि के लिए स्टेशनो, गेंग हट्स, गेट लोजीस और रेलवे कॉलोनी इत्यादी जैसे स्थानों पर पीने लायक पीने के पानी की आपूर्ति करने का कार्य। **बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख:** 21/11/2024 **एवं समापन की तारीख:** 05/12/2024	61,03,408.90	1,22,100.00
02	144/2024-25	भावनगर मण्डल : भावनगर मण्डल : 8 स्टेशनो अंतर्गत स्वास्थ्य इकाईयों का नवीनीकरण एवं सुधार करने के स्वीकृत हो चुके कार्य के सामने महुवा, गोंडल और जेतलसर स्टेशनो अंतर्गत स्वास्थ्य इकाईयों का नवीनीकरण एवं सुधार करने का कार्य। **बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख:** 21/11/2024 **एवं समापन की तारीख:** 05/12/2024	40,65,056.37	81,300.00
03	145/2024-25	भावनगर मण्डल : जूनागढ, वर्तेज एवं आद्रीरोड अंतर्गत आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान करने के स्वीकृत हो चुके कार्य के सामने वर्तेज स्टेशन अंतर्गत आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान करने का कार्य। **बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख:** 21/11/2024 **एवं समापन की तारीख:** 05/12/2024	5,53,35,494.76	4,26,700.00
04	146/2024-25	DEN (E) अधिकारक्षेत्र : (1) भावनगर मण्डलः10 स्टेशनो अंतर्गत पुरानी ऑवर हेड पानी की टंकी का बदलीकरण (प्रकल्प ID : 15.02.53.24.3.51.0062) (2) भावनगर मण्डल :13 स्टेशनो अंतर्गत पुरानी ऑवर हेड पानी की टंकी का बदलीकरण (प्रकल्प ID : 15.02.53.24.3.51.003) के स्वीकृत हो चुके कार्य के सामने 07 स्टेशनो अंतर्गत पुरानी ऑवरहेड पानी की टंकी का बदलीकरण करने का कार्य। **बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख:** 21/11/2024 **एवं समापन की तारीख:** 05/12/2024	3,39,67,858.43	3,19,800.00
05	147/2024-25	भावनगर मण्डल : USFD के साथ दिन प्रतिदिन के USFD परिक्षण कार्य के लिए ट्रोली मेन की तौर पर कार्य करने के लिए साथी का प्रावधान करने का कार्य। **बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख:** 21/11/2024 **एवं समापन की तारीख:** 05/12/2024	1,06,92,806.40	2,03,500.00

NIT दिनांक : 13/11/2024 को रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई है। BVP-136

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे - भावनगर मण्डल

विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य

ई-निविदा संख्याः 135-2024-25 से 142-2024-25

क्रम सं.	ई-निविदा सं.	कार्य का नाम	निविदा मूल्य (₹)	ईएमडी (₹)
01	135/2024-25	भावनगर परा अंतर्गत DRM कार्यालय, रेल अस्पताल, ORH, म्युजियम, SORH, डिविजनल अधिकारीओं के आवास इत्यादी अंतर्गत 24 माह के लिए लॉन गार्डन का विकास एवं रखरखाव करने का कार्य। **बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख:** 20/11/2024 **एवं समापन की तारीख:** 04/12/2024	88,45,443.56	1,76,900.00
02	136/2024-25	भावनगर मण्डल : ब्रॉडगेज अनुभाग में 2 से 4 डिग्री बीच के घुमाव को SWR से LWR में परिवर्तित करने का कार्य। **बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख:** 20/11/2024 **एवं समापन की तारीख:** 04/12/2024	55,05,681.80	1,10,100.00
03	137/2024-25	DEN (W) अधिकारक्षेत्र : भावनगर मण्डल : 3 गुड्ज शेड (जूनागढ, वर्तेज और आद्री रोड) अंतर्गत आवश्यक सुविधाओं के प्रावधान के स्वीकृत हो चुके कार्य के सामने 2 गुड्ज शेड (जूनागढ और आद्री रोड) अंतर्गत आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान करने का कार्य। **बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख:** 20/11/2024 **एवं समापन की तारीख:** 04/12/2024	11,27,91,525.83	7,14,000.00
04	138/2024-25	LHS सं.109/A और 110/B अतर्गत ड्रेनेज का सुधार करने का कार्य। **बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख:** 20/11/2024 **एवं समापन की तारीख:** 04/12/2024	94,97,023.81	1,90,000.00
05	139/2024-25	LHS सं.41/A, 55/A, 61/A1, 67/B अतर्गत ड्रेनेज का सुधार करने का कार्य। **बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख:** 20/11/2024 **एवं समापन की तारीख:** 04/12/2024	1,89,83,631.96	2,44,900.00
06	140/2024-25	LHS सं. 87/A1, 90/A, 94/A, 100/C अतर्गत ड्रेनेज का सुधार करने का कार्य। **बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख:** 20/11/2024 **एवं समापन की तारीख:** 04/12/2024	1,89,83,532.56	2,44,900.00
07	141/2024-25	कवार्टर्स के पलस्तर, फ्लोरींग, दरवाजे, रसोईघर, शौचालय, वॉटर प्रुफिंग, सीढीयां एवं फैसिंग की मरम्मत करने का कार्य। **बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख:** 20/11/2024 **एवं समापन की तारीख:** 04/12/2024	1,51,18,891.02	2,25,600.00
08	142/2024-25	LHS सं.70/A, 74/A, 80/A एवं 86/A अतर्गत ड्रेनेज का सुधार करने का कार्य। **बिडिंग प्रारंभ होने की तारीख:** 20/11/2024 **एवं समापन की तारीख:** 04/12/2024	1,89,82,372.20	2,44,900.00

NIT दिनांक : 12/11/2024 को रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई है। BVP-135

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

---

उदयपुर में धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ का मामला

पुलिस ने बुलडोजर चलाने पर 2 को पकड़ा; थाने के बाहर पहुंचे ग्रामीण, हंगामा किया

उदयपुर. कासं

उदयपुर के डबोक थाना क्षेत्र में विशेष धर्म के धार्मिक स्थल को ढहाने का मामला तूल पकड़ रहा है। धार्मिक स्थल तोड़ने के आरोप में पुलिस द्वारा पकड़े 2 युवकों पर कार्रवाई के बाद माहौल गर्मा गया। बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंच गए और वहीं धरने पर बैठे हुए दोनों युवकों को छुड़ाने की मांग पर अड़ गए। इस दौरान थानाधिकारी चन्द्रशेखर ग्रामीणों से समझाइश करते रहे लेकिन ग्रामीण मांग पर अड़े रहे। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों की जमकर बहस हुई। मामला इतना बढ़ गया कि मौके पर वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी पहुंचे और मामला शांत कराने की कोशिश की। बता दें कि साकरिया खेड़ी ग्राम पंचायत की सुखवाड़ा बस्ती में बीती रात करीब 3 बजे कुछ युवकों ने एक धार्मिक स्थल पर बुलडोजर चला कर उसके आगे का हिस्सा ढहा दिया।

सुबह दी थी तोड़फोड़ की रिपोर्ट

इसके बाद सुबह डबोक थाने में सलीम ने रिपोर्ट देते हुए कार्रवाई की मांग की। सलीम ने बताया कि उनके घर पर पूर्वजों का स्थान है जिसे धार्मिक स्थल बनाया गया है। उसे कुछ लोगों ने तोड़ दिया। इस संबंध में पहले से कोई नोटिस नहीं दिया। जिस पर पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए 2 युवकों को पकड़ा। पुलिस द्वारा इन युवकों को पकड़े जाने के बाद ग्रामीण भड़क गए और पुलिस थाने में विरोध-प्रदर्शन पर उतर आए।

पानी भरने भी नहीं जा पाते

ग्रामीणों ने धार्मिक स्थल के नाम पर अवैध गतिविधि चलाने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि इस संबंध में पूर्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था।

ब्रह्म नगरी में सनातन धर्म महाकुंभ 24 नवंबर को

अजमेर. कासं। पुष्कर धार्मिक मेले के समापन के साथ ही 24 नवंबर रविवार को मेला मैदान में होने वाले सनातन धर्म महाकुंभ में विद्वान संत महात्मा धर्म उपदेश व प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल भजन सरिता बहाएंगे। इस अवसर पर ब्रह्म नगरी को भगवे रंग से सजाया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां जोर शोर से शुरू हो गई है। आयोजन समिति द्वारा प्रथम पूज्य गणेशजी व खाटू श्याम बाबा को हल्दी रंगे अक्षत से निमंत्रण के बाद पुष्कर के आसपास के करीब 84 गांवों में पीले चावल बांटकर आयोजन में आने का न्यौता दिया जा रहा हैं। आयोजन को लेकर कस्बे व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भारी उत्साह देखा जा रहा हैं।

सड़क दुर्घटना के मृतकों को दी श्रद्धांजलि

मारू पार्क से रामलीला मैदान तक कैंडल मार्च निकाला, रिमेंबर्स-डे पर किया याद

सीकर. कासं

जिला प्रशासन एवं समस्त विभागों की ओर से सीकर में रिमेंबर्स-डे मनाया गया। इस दौरान परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, पुलिस विभाग व स्वयंसेवी संस्थाओं ने जिले में बीते दिनों सड़क दुर्घटना के मृतकों को रामलीला मैदान में कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान सड़क दुर्घटना के घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले एंबुलेंस कर्मियों, ट्रोमा नर्सिंग कर्मियों का हेलमेट पहनाकर सम्मान किया गया। इससे पहले मारू पार्क से राणी सती चौराहा, अजमेर स्टैण्ड, दूजोद दरवाजे से होते हुए रामलीला मैदान तक कैंडल मार्च निकाला गया। कार्यक्रम में सड़क दुर्घटना में मृतकों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीकर रेंज महानिरीक्षक पुलिस सत्येन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा- सड़क दुर्घटनाओं में मौत अत्यधिक चिंता का विषय है। सड़क दुर्घटना में अधिक लोगों की मौत होती है। उन्होंने कहा- सड़क दुर्घटना में असामायिक घटना होने पर एक पूरा परिवार बिखर जाता है। सड़क दुर्घटना विधि का विधान नहीं है इसे रोका जा सकता है। इसमें सबसे अधिक कर्तव्य स्वयं वाहन चालक का बनता है। हमें सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करना चाहिए। नशे व उतावले पन में कभी भी वाहन नहीं चलाएं तथा सुरक्षा उपकरण हेलमेट, सीट बेल्ट का सहित तरिके से हमेशा उपयोग करें। यह आपके जीवन को बचाने में बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। सड़क दुर्घटना में घायलों को समय पर अस्पताल ले जाएं ताकि उन्हें उपचार देकर उनका जीवन बचाया जा सके। इस दौरान सड़क सुरक्षा संकल्प की शपथ दिलवाई।

मार्टिंडल ब्रिज श्रीनगर रोड का होगा कायाकल्पः भदेल

58 लाख रुपए की लागत से बनेगी

अजमेर. कासं

अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने रविवार को 58 लाख रुपए की लागत से बनने वाली मार्टिंडल ब्रिज श्रीनगर रोड से राजासाईकिल चौराहा तक बनने वाली पेवर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक भदेल ने बताया कि अतिवृष्टि के कारण पूरी सड़क जगह-जगह से उखड़ गई जिसके कारण राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, साथ ही यह मार्ग मदार, श्रीनगर, पाल बिचला, गुलाबबाडी से मुख्य बाजारों व रेलवे स्टेशन जाने के लिए एक मात्र मुख्य मार्ग था जिसके कारण इस मार्ग से राहगीरों का निकलना दूभर हो गया था। उन्होंने कहा कि दीपावली के त्यौहार को देखते हुए पेचवर्क का कार्य कराया गया था, अब 58 लाख रुपए की लागत से पेवर की सड़क का निर्माण कार्य सार्वजनिक निर्माण विभाग अजमेर द्वारा करवाया जा रहा है जिससे यहां के सभी व्यापारिक वर्ग अपितु निकलने वाले राहगीरों के लिए यह एक सुगम मार्ग साबित होगा। इस अवसर पर श्रीनगर रोड व्यापारिक एसोसिएशन के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों द्वारा विधायक भदेल का माला पहनाकर व शोल ओढाकर भव्य स्वागत सत्कार किया गया।

संस्थान की प्रतिभाशाली बालिकाओं का सम्मान

80 अन्य छात्राओं के लिए गर्म वस्त्र की सेवा

अजमेर. कासं। श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी संग श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर संभाग के अध्यक्ष अतुल पाटनी की 40 वीं वैवाहिक वर्षगांठ के अवसर पर श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर की संत श्री सुधासागर जी महा मुनिराज आवासीय विद्यालय की 80 बालिकाओं को समिति संरक्षक राकेश पालीवाल कमलेश पालीवाल अतुल मधु पाटनी के सौजन्य से ऊनी वस्त्र भेंट किए गए साथ ही प्रतिभाशाली छात्राओं को नगद राशि देकर सम्मान करते हुए उत्साहवर्धन किया गया। इससे पूर्व संस्थान में पहुंचने पर राजस्थान अंचल की अध्यक्ष शालिनी बाकलीवाल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुशीला छाबड़ा व्यवस्थापक ज्ञानु जी आदि द्वारा केसरिया तिलक लगाकर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर संस्थान की बालिकाओं ने धार्मिक रचनाएं प्रस्तुत की। संस्थान की सभी बालिकाओं के लिए श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर संभाग के अध्यक्ष अतुल पाटनी के द्वारा फलाहार की व्यवस्था की गई।

ADITYA BIRLA CAPITAL — PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: इंडियन रेयन कम्पाउण्ड, वेरावाल, गुजरात - 362266
शाखा कार्यालय: तीसरी मंजिल, जीएस-ट्रेड सेंटर, 534-536, नेमी सागर कॉलोनी, वैशाली नगर, जयपुर-302021

''परिशिष्ट-4-ए''
[प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) का प्रावधान देखें]
अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्वारा सर्व साधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) नामतः **मैसर्स श्री स्पेयर्स, इसके स्वामी के माध्यम से, मैसर्स शंकर पेट्रोलियम, इसके स्वामी के माध्यम से, श्री शिव प्रकाश अजमेरा, श्रीमती सुशीला अजमेरा, ऋण खाता सं. ABFLUDPLAP0000127362, ABUDPLAP000000535643** के धारक को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत लेनदार के पास बंधक निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आदित्य बिड़ला फाइनैंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, उपरिवर्णित कर्जदारों/सह-कर्जदारों की तरफ प्रत्याभूत लेनदार की **15-09-2023** तक बकाया राशि रू. 1,00,39,075/- **(रूपए एक करोड़ उन्तालीस हजार पचहत्तर मात्र)** बकाया राशि की पूरी वसूली तक उस पर आगे ब्याज तथा अन्य खर्चो की वसूली के लिए दिनांक **24-12-2024** को ''जैसी है जहां है'', ''जैसी है जो है'' तथा ''जो भी है वहां है'' आधार पर बेची जाएगी।

सुरक्षित मूल्य सम्पत्ति नामतः ''दुकान नंबर 6, भू तल, इन्द्रा मार्किट, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001 एवं पी. नंबर - 12/133, 12/134 एवं 12/135, आर.सी. व्यास योजना, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001'' के लिए रू. 1,32,88,098/- (रूपए एक करोड़ बत्तीस लाख अठासी हजार अठ्ठानवे मात्र) होगा तथा धरोहर राशि जमा रू. 13,28,810/- (रूपए तेरह लाख अठ्ठाईस हजार आठ सौ दस मात्र) होगी।

अचल संपत्तियों का संक्षिप्त विवरण

सम्पति के सभी अंश एवं खंड:- ''दुकान नंबर 6, भू तल, इन्द्रा मार्किट, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001 (इसमें आगे सम्पत्ति-1 कही गई है)'' **सीमाबद्ध : पूरब: दुकान नंबर- 7, पश्चिम: रोड, उत्तर: रोड, दक्षिण: दुकान नंबर- 5**
''पी. नंबर - 12/133, आर.सी. व्यास योजना, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001 **(इसमें आगे सम्पत्ति-2 कही गई है)''**
सीमाबद्ध : पूरब: पी. नंबर - 12/142, पश्चिम: रोड 20 फीट, उत्तर: पी. नंबर - 12/132, दक्षिण: पी. नंबर - 12/134
''पी. नंबर - 12/134 आर.सी. व्यास योजना, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001 **(इसमें आगे सम्पत्ति-3 कही गई है)''**
सीमाबद्ध : पूरब: पी. नंबर - 12/141, पश्चिम: रोड 20 फीट, उत्तर: पी. नंबर - 12/133, दक्षिण: पी. नंबर - 12/135
''पी. नंबर - 12/135 आर.सी. व्यास योजना, भीलवाड़ा, राजस्थान-311001 **(इसमें आगे सम्पत्ति-4 कही गई है)'' सीमाबद्ध : पूरब: पी. नंबर - 12/136, पश्चिम: पी. नंबर - 12/134, उत्तर: पी. नंबर - 12/140, दक्षिण: रोड 20 फीट**

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तो के लिए, कृपया प्रत्याभूत लेनदार की वेबसाइट नामत:www.adityabirlafinance.com व https://sarfaesi.auctiontiger.net में उपलब्ध कराया गया लिंक देखें।

दिनांक: 18.11.2024
स्थान: भीलवाडा

अतुल पारीक, (प्राधिकृत अधिकारी)
आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड

संसदीय कार्य मंत्री ने जोधपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धवा में 80 लाख रुपए की लागत के ब्लॉक प्रोग्राम हैल्थ यूनिट निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

प्रदेश सरकार का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना

जोधपुर. कासं

संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जोधपुर जिले के धवा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 80 लाख रुपए की लागत से बीपीएचयू, बीपीएचएल और एचएमआईएस यूनिट के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। पटेल ने कहा माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

सुदृढ हो रहा प्रदेश का स्वास्थ्य ढांचा: पटेल ने कहा प्रदेश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य केंद्र, सैटलाइट एवं जिला अस्पताल बनाए गए है। साथ ही मार्च 2025 तक चिकित्सकों एवं पैरा मेडिकल स्टॉफ के पदों पर लगभग 52000 कार्मिकों के नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

बजट में लूणी क्षेत्र को मिली अनेक सौगातें: संसदीय कार्य मंत्री ने कहा बजट में लूणी को स्वास्थ्य क्षेत्र में अनेक सौगातें मिली हैं। जिसमें सांगरिया में सैटलाइट अस्पताल, धवा एवं कुड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मेलबा, मणाई और चोखा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से क्षेत्र का स्वास्थ्य ढांचा सुदृढ होगा। पटेल ने कहा बीपीएच यूनिट की स्थापना से धवा क्षेत्र के नागरिकों को सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और समर्पित स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होगी।

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी के आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्वतः इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड के नाम से ज्ञात) (आईआईएफएल एचएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूमि हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एक मांग सूचना निम्नवर्णित कर्जदारों/सह-कर्जदारों जारी की गई थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी। कर्जदार उक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया है। विशेष रूप से कर्जदार को तथा जनसाधारण को इस संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है और संपत्तियों के संबंध में कोई भी संव्यवहार 'आईआईएफएल एचएफएल' की बकाया राशि और उस पर ब्याज के प्रभाराधीन होगा। कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है, यदि कर्जदार 'आईआईएफएल एचएफएल' की बकाया राशि वहन की गई सभी लागतों, प्रभारों तथा खर्चो सहित, बिक्री या अंतरण की नियत तिथि से पहले किसी भी समय चुकता कर देता है, तो 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा प्रत्याभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी तथा 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री या अंतरण के लिए आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदार (रों) का नाम	प्रतिभूत आस्ति का वर्णन (अचल सम्पत्ति)	कुल बकाया राशि (रु.)	मांग सूचना की तिथि	कब्जे की तिथि
श्री विनोदी श्रीमती कमला (प्रोस्पेक्ट नंबर IL10587766)	समस्त अंश व खंड: पट्टा नंबर 7565, मिसल नंबर 04, खसरा नंबर 1002/990, ग्राम डोरा, तहसील तालेड़ा, जिला बूंदी, राजस्थान, 323021, परिमाप क्षेत्रफल (वर्ग फीट में): संपति प्रकार: भूमि क्षेत्र, कारपेट एरिया, बिल्ट अप एरिया, संपत्ति क्षेत्र: 945.00, 510.00, 600.00	रुपए 368882.00/- (रुपए तीन लाख अडसठ हजार आठ सौ बयासी मात्र)	16-जुलाई -2024	13-नवम्बर -2024
श्री खेमचंद ओमप्रकाश फुलवारिया व श्रीमती सीमा खेमचंद फुलवारिया (प्रोस्पेक्ट नंबर 878661)	समस्त अंश व खंड: फ्लेट नंबर इडब्ल्यूएस-डी-318 खसरा नंबर 638 639 657 659 660 719 720 से, कारपेट एरिया का माप: 256 वर्ग फीट, सुपर बिल्ट अप एरिया का माप 360 वर्ग फीट, यूनीक आवास, हाथीखेड़ा, कोटडा, अजमेर, राजस्थान, भारत, 305001	रुपए 7,27,484.00/- (रुपए सात लाख सत्ताईस हजार चार सौ चौरासी मात्र)	21-जून -2023	13-नवम्बर -2024
श्री प्रभु सिंह, श्रीमती पुष्पा देवी धारी मिल्क (प्रोस्पेक्ट नंबर IL10406843)	समस्त अंश व खंड: पट्टा नंबर 16, बही नंबर 175, ग्राम बस्सी, ब्यावर, जिला अजमेर, राजस्थान, 305901, परिमाप क्षेत्रफल (वर्ग फीट में): संपत्ति प्रकार: भूमि क्षेत्र, बिल्ट अप एरिया, कारपेट एरिया, संपत्ति क्षेत्र: 1000.00, 1000.00, 800.00	रुपए 513784.00/- (रुपए पांच लाख तेरह हजार सात सौ चौरसी मात्र)	18-जुलाई -2024	13-नवम्बर -2024

अतिरिक्त विवरण के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी से **शाखा कार्यालय** पर सम्पर्क करें: आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड, आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. तीसरी मंजिल, टाईम स्कवॉयर, इंडिया मोटर चौराहा, स्वामी कॉम्पलेक्स के पास अजमेर 305001/ व **कार्पोरेट कार्यालय:** प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा।

स्थान : राजस्थान दिनांक : 18/11/2024 हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी, वास्ते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड